पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)
———————

राज्यपाल की उपस्थिति में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर एवं दैनिक जागरण समूह के मध्य कृषि पत्रकारिता डिप्लोमा कोर्स के लिए हुआ करार

—————————

लखनऊ : 11 जनवरी, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में आज कानपुर नगर में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर एवं दैनिक जागरण समूह, जागरण इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एण्ड मास कम्यूनिकेशन के मध्य देश में प्रथम कृषि पत्रकारिता एवं विज्ञान संचार स्नातकोत्तर संयुक्त दो वर्षीय डिप्लोमा हेतु करार (एम0ओ0यू0) हस्ताक्षरित हुआ।

सहमति प्रपत्र विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ0 डी0आर0 सिंह तथा दैनिक जागरण समूह के चेयरमैन डॉ0 महेन्द्र मोहन गुप्त के मध्य हस्ताक्षरित हुआ।

इस अवसर पर प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा, कृषि एवं अनुसंधान मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही तथा राज्यमंत्री श्री बलदेव औलख, नीति आयोग के सदस्य डॉ0 रमेश चंद सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

——————

डा0 सीमा गुप्ता/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361

अनुबंध पत्र (MoU) हस्ताक्षर समारोह
Jointly offered two years Post Graduate Diploma in
Agri-Journalism and Science Communication
दैनिक जागरण समूह के चेयरमैन मा. डा. महेन्द्र मोहन गुप्त एवं
चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कानपुर के
मा. कुलपति डा. डी.आर. सिंह के मध्य
गरिमामयी उपस्थिति
श्रीमती आनंदीबेन पटेल
माननीया राज्यपाल, उत्तर प्रदेश
दिनांक 11 जनवरी, 2023